**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**11.09.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री ने वित्त आयोग से हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों के लिए राजस्व घाटा अनुदान जारी रखने का किया आग्रह–जंगल व पर्यावरण से जुड़े मानकों को महत्व देने की मांग।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने सभी राज्यों को डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने में विफल रहने का लगाया आरोप।
- प्रदेश के अनेक भागों में अगले दो दिन भारी वर्षा की संभावना।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्र से हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों के लिए राजस्व घाटा अनुदान को जारी रखने का आग्रह किया है। उन्होंने आज नई दिल्ली में 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर अरविंद पनगड़िया से भेंट की और राज्य की वित्तीय स्थिति से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में हिमाचल को प्राकृतिक आपदाओं ने बुरी तरह प्रभावित किया है और जानमाल को भारी क्षति हुई है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल को राजस्व घाटा अनुदान की न्यूनतम राशि 10 हजार करोड़ रुपये प्रति वर्ष तय करने की मांग की। उन्होंने जंगल और पर्यावरण से जुड़े मानकों को भी अधिक महत्व देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहाड़ी राज्यों द्वारा देश को दी जा रही पारिस्थितिकीय सेवाओं की एवज में 50 हजार करोड़ रुपये का एक अलग ग्रीन फंड सृजित करने का आग्रह भी किया। उन्होंने वित्त आयोग के अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास करेगी।

## जी.एस.टी. सुधार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किला के प्राचीर से अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर–जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। तीन सितंबर को जीएसटी परिषद के आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए दरों को युक्तिसंगत बनाने को स्वीकृति दी गई। आज हम ऑटोमोबाईल क्षेत्र में किये गए सुधारों की बात कर रहे हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे सहयोगी ––

ऑटोमोबाइल उद्योग अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जीएसटी सुधारों के तहत 350 सीसी से कम इंजन क्षमता वाले दोपहिया वाहनों पर जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है। इसी प्रकार 12 सौ सीसी से कम की पेट्रोल और 15 सौ सीसी से कम की डीजल कार जिनकी लंबाई  चार मीटर से अधिक ना हो उन पर भी जीएसटी की दर को 28 से घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है। इसके अलावा  35 ऐसी वस्तुएं हैं जिस पर जीएसटी शून्य कर दिया गया है।

प्रादेशिक समाचारों के लिये समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश।

## नड्डा–डेंगू मलेरिया

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक में राज्य सरकारों द्वारा देश में डेंगू व मलेरिया की रोकथाम को लेकर उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा की। बैठक में जे.पी. नड्डा ने डेंगू और मलेरिया की रोकथाम व नियंत्रण करने में आने वाली मुख्य चुनौतियों का जायजा लिया। उन्होंने राज्यों, स्थानीय निकायों और समुदायों विशेषकर इस उच्च जोखिम वाली अवधि में लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करने के लिए रोकथाम व नियंत्रक उपायों में तेजी लाने का आग्रह किया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सभी राज्यों को आने वाले महीनों में सजग रहने को कहा। जे.पी. नड्डा ने केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाले चिकित्सा केन्द्रों सहित सभी अस्पतालों को पर्याप्त औषधि, डायग्नॉस्टिक, बिस्तरों और मच्छरों से मुक्त परिसर सुनिश्चित करने का आग्रह भी किया।

## राजेश धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त पेयजल आपूर्ति लाईनों को जल्द दुरूस्त करने के निर्देष दिए हैं। बिलासपुर ज़िले के घुमारवीं में आज एक बैठक में उन्होंने पेयजल योजनाओं की बहाली में जलशक्ति विभाग के कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। राजेश धर्माणी ने कहा कि घुमारवीं क्षेत्र में भारी वर्षा से प्रभावित सभी 59 पेयजल आपूर्ति योजनाओं को आंशिक या पूरी तरह से बहाल कर दिया गया है।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले में जुब्बल उपमंडल की कुड्डू पंचायत में आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि जुब्बल क्षेत्र में सड़कों को 57 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है और अब सेब सीजन को देखते हुए सभी सम्पर्क मार्गों को बहाल कर दिया गया है। रोहित ठाकुर ने कहा कि जिन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं उन्हें नियमानुसार राहत प्रदान की जा रही है।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि जुब्बल के 8 केंद्रों में सेब खरीदा जा रहा है और अब तक 11 हजार मीट्रिक टन सेब की खरीद की जा चुकी है।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में हुई आपदा के बाद प्रभावितों को राहत पहुंचाने को लेकर गंभीर नहीं है और मॉनसून से पहले भी सरकार ने तैयारियों की कोई समीक्षा नहीं की। चंबा में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि आपदा से प्रदेश में भारी नुकसान हुआ है लेकिन राहत व बचाव कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने की बजाय राज्य सरकार इसके लिए पूर्व भाजपा सरकार को दोषी ठहरा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आपदा की इस घड़ी में प्रभावितों की मदद कर रहे हैं और देश के अन्य राज्यों से भी पार्टी ने राहत सामग्री भेजी है।

पत्रकार वार्ता में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन भी मौजूद रहे।

**लोकसेवा आयोग**

राज्य लोक सेवा आयोग ने 13 सितंबर को सहायक ज़िला न्यायवादी के पदों के लिए प्रस्तावित छंटनी परीक्षा को खराब मौसम को देखते हुए स्थगित कर दिया है। आयोग के सचिव ने बताया कि अब ये परीक्षा 28 सितंबर को आयोजित की जाएगी।

**भाजपा– सेवा पखवाड़ा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी इस महीने की 17 तारीख से देश में सेवा पखवाड़ा मनाएगी। नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए, पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि सेवा पखवाड़ा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती दो अक्टूबर, तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े के दौरान विभिन्न विषयों पर आधारित अनेक कार्यक्रम की योजना बनाई गई है। भूपेंद्र यादव ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने सेवा और स्वच्छता जैसे मूलभूत मूल्यों को भारत की राजनीति में आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की संवेदनशीलता के कारण ही भारत अब पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज सुबह से ही रूक–रूक कर हल्की वर्षा का क्रम जारी रहा। मौसम विभाग ने 12 से 15 सितम्बर तक राज्य के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि अगले 2 दिन कई ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट है।

उधर कुल्लू ज़िले के बंजार और मनाली उपमंडलों में प्रशासन ने कल 12 सितम्बर को सभी शिक्षण संस्थानों में अवकाश की घोषणा की है।

## भाजयुमो

भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने कांग्रेस पार्टी पर आपदा के समय भी राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश को 15 सौ करोड़ रुपये का राहत पैकेज दिया है और इससे पहले किसी ने भी प्रदेश को इतना बड़ा पैकेज नहीं दिया है। सन्नी शुक्ला ने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रदेश के भाजपा सांसदों को लेकर की गई टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री ने वित्त आयोग से हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों के लिए राजस्व घाटा अनुदान जारी रखने का किया आग्रह–जंगल व पर्यावरण से जुड़े मानकों को महत्व देने की मांग।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने सभी राज्यों को डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने में विफल रहने का लगाया आरोप।
- प्रदेश के अनेक भागों में अगले दो दिन भारी वर्षा की संभावना।

——————————————